आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW




## महत्वपूर्ण खबरें

### राष्ट्रीय कृषि उच्चतर संस्करण संस्थान में अर्जुन मुंडा ने किया पौधरोपण



नामकुम (आजाद सिपाही)। राष्ट्रीय कृषि उच्चतर संस्करण संस्थान रांची में शनिवार को केंद्रीय कृषि एवं कल्याण मंत्री अर्जुन मुंडा ने संस्थान का भ्रमण किया। संस्थान परिसर में पौधारोपण भी किया। साथ ही संस्थान के वैज्ञानिकों, लाह के उन्नत किसानों, उत्पादकों, उद्यमियों के साथ बातचीत की और संबंधित जानकारी प्राप्त की। संस्थान के निदेशक डॉ अभिजीत कर ने संस्थान के बारे में प्रजेंटेशन के माध्यम से मंत्री को अवगत कराया। संस्थान के विकास में मंत्रालय द्वारा आवश्यक संसाधन के बारे में भी निदेशक ने मंत्री का ध्यान आकृष्ट किया। इस अवसर पर लाख उत्पादन एवं प्रसंस्करण से जुड़े हुए उद्यमियों से भी मंत्री ने बातचीत की।

### सीसीएल ने खान बचाव प्रतियोगिता में जीते चार पुरस्कार



रांची (आजाद सिपाही)। टीम सीसीएल ने सिंगरेनी तेलंगाना में आयोजित 52वीं अखिल भारतीय खान बचाव प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए चार पुरस्कार प्राप्त किये। सीसीएल टीम को इस प्रतियोगिता में वैधानिक परीक्षण श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ और ओवरऑल दूसरा रनर अप घोषित किया गया। सीसीएल बी टीम के हिमांशु कुमार को इस प्रतियोगिता का सर्वश्रेष्ठ सदस्य चुना गया। सीसीएल टीम बी ने थ्योरी परीक्षा में तीसरा स्थान प्राप्त किया। इस टीम का नेतृत्व आशीष राम, बरकासयाल क्षेत्र और उप कप्तान प्रियांशु, ने किया। इसके अलावा भारतीय खनन क्षेत्र के इतिहास में पहली बार महिला बचाव दल ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया और धातु खनन टीमों के बीच समग्र रुप से सर्वश्रेष्ठ टीम बनी, जिसमें सीसीएल की संयमी निधि शामिल थी। सीसीएल प्रबंधन ने उपलब्धि के लिए सभी सदस्यों को बधाई दी। सीसीएल का प्रत्येक कर्मी सेफ्टी फर्स्ट का अनुकरण करते हुए देश की ऊर्जा सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैं।

### सीसीएल में क्षमता निर्माण कार्यशाला



रांची (आजाद सिपाही)।सीसीएल में योजना एवं परियोजना विभाग की ओर से शनिवार को मुख्यालय के प्रकाश सभागार में सीएमपीडीआइएल से संबंधित कार्यों पर सीसीएल के अधिकारियों की ज्ञान वृद्धि को लेकर क्षमता निर्माण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सीसीएल के सीएमडी डॉ बी वीरा रेड्डी मुख्य अतिथि थे। निदेशक तकनीकी रामबाबू प्रसाद, निदेशक कार्मिक हर्षनाथ मिश्र, बी साईंराम सहित मुख्यालय के महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष उपस्थित थे। विषय विशेषज्ञ कंचन सिन्हा, लक्ष्मी दीप, धीरज कुमार चौधरी, उमाशंकर सिंह, एसके दीक्षित और के नवीन ने कोयला उत्पादन में भूमिका पर विस्तार से चर्चा की।

### सीसीएल अस्पताल में हृदय रोग जांच शिविर



रांची (आजाद सिपाही)। सीसीएल गांधीनगर अस्पताल में हृदय रोग संबंधी निःशुल्क चिकित्सीय शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें हृदय रोग विशेषज्ञ मैक्स सुपर स्पेशियलिटी नयी दिल्ली के डॉ राजीव राठी ने सेवा दी। डॉ राजीव राठी ने 100 से अधिक हृदय रोग से ग्रसित मरीजों की जांच की। सीएमडी डॉ बी वीरा रेड्डी के निर्देशन में सीसीएल ने अपने कर्मियों के साथ समाज के हर वर्ग के लिए चिकित्सा सेवा मुहैया कराने के लिए कृतसंकल्पित है। इसके लिए सीसीएल द्वारा समय-समय पर देश के ख्याति प्राप्त विशेषज्ञ चिकित्सकों को आमंत्रित कर विभिन्न बीमारियों से संबंधित स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाता है।

### हर हाल में सरना धर्म कोड लेकर रहेंगे : सालखन मुर्मू



रांची (आजाद सिपाही)। सरना धुमकुड़िया करमटोली में शनिवार को सरना धर्म कोड की मान्यता की मांग को लेकर 30 दिसंबर के भारत बंद को सफल बनाने का फैसला लिया गया। केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष फूलचंद तिर्की की अध्यक्षता में शनिवार को बैठक में आदिवासी सेंगेल अभियान, केंद्रीय सरना समिति, आदिवासी छात्र संघ, सरना धर्म समन्वय समिति (खूंटी), अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद आदि के प्रतिनिधि शामिल हुए। फूलचंद तिर्की ने कहा कि जब 1951 की जनगणना तक आदिवासियों के लिए अलग धार्मिक कलम कोड था, तो उसे कांग्रेस पार्टी ने क्यों हटाया और अब भाजपा जोर जबरदस्ती कर आदिवासियों को हिंदू का ठप्पा क्यों लगाना चाहती है। पार्टियों और नेताओं से ज्यादा जनता और आंदोलन पर भरोसा करना पड़ेगा। बोडोलैंड आंदोलन की तरह जीत हासिल करनी होगी। हाल के गुमला, लोहरदगा, खूंटी की बैठकों में भारत बंद के प्रति जनता का बहुत रुझान दिखा है। सालखन मुर्मू की अगुवाई पर विश्वास और भरोसा है। हम जरूर सफल होंगे। मुख्य अतिथि सालखन मुर्मू ने कहा कि हर हाल में सरना धर्म कोड लेकर रहेंगे। अन्यथा जबरन हिंदू, मुसलमान, इसाई आदि बनने को मजबूर होना पड़ेगा। यह अस्तित्व की जीवन रेखा है, मौलिक अधिकार है। भारत बंद जोरदार होगा। इस बार अनेक आदिवासी समाज ( मुंडा, उरांव, हो, संताल, लोहरा आदि) का समर्थन मिल रहा है। अब तक आदिवासियों को धार्मिक आजादी से वंचित करने के लिए कांग्रेस और बीजेपी दोषी है। हमारा नारा है- जो सरना कोड देगा, आदिवासी उसको वोट देगा। आदिवासी छात्र संघ की तरफ से सुमित उरांव, मोनू लकड़ा, मनोज उरांव ने विचार रखे। सेंगेल की तरफ से सुमित्रा मुर्मू, देवनारायण मुर्मू और चंद्र मोहन मार्डी ने विचार रखा। केंद्रीय सरना समिति की तरफ से संजय उरांव, प्रमोद एक्का, भुनेश्वर लोहरा, अमर तिर्की, चंदन पाहन ने विचार रखा।

## सांसद संजय सेठ ने जीर्णोद्धार का किया शिलान्यास

# टैगोर हिल के ब्रह्ममंदिर का होगा कायाकल्प

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** राजधानी के टैगोर हिल पर स्थित ब्रह्ममंदिर का कायाकल्प होगा। इसे लेकर शनिवार को सांसद संजय सेठ ने जीर्णोद्धार कार्य का शिलान्यास किया। सांसद की पहल और अनुशंसा पर लगभग 60 लाख रुपये की लागत से इस मंदिर का जीर्णोद्धार किया जायेगा।



सांसद ने कहा कि टैगोर हिल रांची ही नहीं, पूरे देश की अमूल्य धरोहर है। यहां रवींद्र नाथ टैगोर के बड़े भाई जीतेंद्रनाथ टैगोर ने कई रचनाएं की थीं। यह उनके लिए एक तपोस्थली है। सांसद ने कहा कि यहां की स्थिति बहुत खराब है। इतना पवित्र और प्रेरणादायी स्थल बिल्कुल उजड़ा हुआ जैसा दिखता है। यह पूरे देश की धरोहर है, लेकिन दुर्भाग्य है कि सरकार का बिल्कुल भी ध्यान इस पर नहीं है। यहां समुचित प्रकाश की व्यवस्था नहीं है। ना शौचालय की व्यवस्था है। सीढ़ियों के टाइल्स टूटे हुए हैं। यह स्थल असामाजिक तत्वों का अड्डा बना हुआ है। राज्य सरकार से भी आग्रह है कि इस राष्ट्रीय धरोहर की रक्षा की जाये। इस दौरान उनके साथ कांके विधायक समरी लाल और एसडी सिंह मौजूद थे।

# बिहार क्लब में सद्भावना सम्मान समारोह

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** सर्वधर्म सद्भावना समिति के तत्वावधान में बिहार क्लब में सद्भावना सम्मान समारोह शनिवार को मना। सर्वधर्म सद्भावना समिति के अध्यक्ष मो इसलाम, मुख्य संरक्षक डॉ अजीत सहाय, संरक्षक जयसिंह यादव, कुणाल अजमानी, डीसी राहुल कुमार सिन्हा, एडीएम विधि व्यवस्था राजेश्वर नाथ आलोक भी उपस्थित थे। विभिन्न धार्मिक त्योहारों को सफलता पूर्वक संपन्न कराने और विभिन्न सामाजिक कार्यों में अहम भूमिका निभाने के फलस्वरूप मोमेंटो-शाल और झारखंडी प्रतीक पट्टा देकर सद्भावना सम्मान से नवाजा गया।



उपायुक्त राहुल कुमार सिंहा ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से आपसी सौहार्द्र की कड़ी ज्यादा मजबूत होती है। आपसी सौहार्द्र का दीप सदा जलाये रखना होगा। समाज के हर वर्ग में सद्भावना का दीप मिल-जुलकर जलाना होगा। एडीएम विधि व्यवस्था राजेश्वर नाथ आलोक ने भी सद्भावना समिति की सराहना की।

मुख्य संरक्षक डॉ अजीत सहाय ने कहा कि सर्वधर्म सद्भावना समिति ने समाज में आपसी सौहार्द्र बनाते हुए सभी पर्व-त्योहारों को सफल बनाने में अहम भूमिका निभायी है। पूरे राज्य में रांची सद्भावना का प्रतीक के रूप में जाना जाता है। संरक्षक जयसिंह यादव, कुणाल अजमानी ने कहा कि समाज में अधिकतर अच्छे लोग हैं। कुछ गिनती के लोग हर वर्ग में होते हैं, जिनकी नीयत गलत होती है। अमन में बाधक बनने की कोशिश तो जरूर करते हैं, पर अमनपसंद लोगों के आपसी सूझबूझ उनकी मंशा विफल हो जाती है। अध्यक्ष मो इसलाम ने कहा कि सभी के आपसी सहयोग के कारण ही रांची को अमन पसंद लोगों का शहर माना जाता है। यहां के लोगों की एकता और भाईचारे की लोग मिसाल देते हैं।

### इनकी रही मौजूदगी

मो इश्तेयाक, परमजीत सिंह टिंकू, मंजीत सिंह, प्रदीप राय बाबू, परवेज आलम, फिरोज अंसारी, राजन वर्मा, सुहैल खान, मौलाना तहजीबुल हसन, आशुतोष मिश्रा, तन्वीर आलम, मो अब्दुल्लाह, संजय सिन्हा गोपू, जनक नायक, अशरफ अंसारी, सोनू भाई, जमील गद्दी, जावेद अनवर, शमीम कुरैशी, आफताब आलम, आशुतोष मिश्रा समेत अन्य मौजूद थे।

## केंद्रीय रेल मंत्री ने भारत मंडपम में अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार दिया

# भारत जल्द ही तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा: वैष्णव

> रेलवे इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा, विकसित भारत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा रेलवेः अध्यक्ष

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने भारत मंडपम में 'अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार' प्रदान किया। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में रेलवे में बड़े परिवर्तनकारी कार्य रफ्तार से चल रहे हैं। इस बदलाव के पीछे बड़ी तस्वीर यह है कि जब 2015 में प्रधानमंत्री ने रेल बजट को आम बजट में मिला दिया, तो रेल अनुदान पर पहले जो ब्याज/पूंजी शुल्क देना पड़ता था, उसकी आवश्यकता नहीं रही। इससे रेलवे के लिए सभी वित्तीय बाधाएं दूर हो गयीं। निवेश की कमी, जो रेलवे के लिए पहले सबसे बड़ी समस्या थी, वह अब गुजरे कल की बात हो चुकी है। रेल मंत्री ने पुरस्कार/शील्ड नयी दिल्ली के प्रगति मैदान में स्थित भारत मंडपम में आयोजित 68वें रेल सप्ताह केंद्रीय समारोह में प्रदान किये।





श्री वैष्णव ने कहा, ऐसा परिवहन, यदि सड़क मार्ग से किया जाये, तो इसमें ईंधन की लागत के साथ-साथ उच्च लागत भी शामिल होगी। एक अनुमान के मुताबिक, भविष्य में 3000 मिलियन टन नया कार्गो आयेगा और यदि इसका आधा हिस्सा भी रेलवे को मिलता है, तो इससे संभावित रूप से 16,000 करोड़ लीटर ईंधन और 1,28,000 करोड़ रुपये की बचत होगी, जो देश के लिए एक बड़ी उपलब्धि और बचत साबित होगी। रेलवे बोर्ड की अध्यक्ष जया वर्मा सिन्हा ने कहा कि भारतीय रेलवे ने पिछले कुछ वर्षों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। यात्रियों की सुविधा के लिए 34 वंदे भारत ट्रेनें चलायी गयी हैं और अमृत भारत के तहत 1309 स्टेशनों का पुनर्विकास किया गया है, जिससे यात्रियों के समग्र अनुभव में बदलाव आयेगा। श्रीमती सिन्हा ने पुरस्कार जीतने वाले कर्मियों को बधाई दी।

## कार्यक्रम : सरला बिरला पब्लिक स्कूल का मिनी स्पोर्ट्स डे

# फनाथॉन 2023 में बच्चों ने दिखायी प्रतिभा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल ने शनिवार को हर्षोल्लास के साथ मिनी स्पोर्ट्स डे फनाथॉन-2023 मनाया। इस अवसर पर स्कूल को आकर्षक रंगों से सजाया गया। मुख्य अतिथि बास्केटबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष हरभजन सिंह, एसओबी के निदेशक सतबीर सिंह सहोता, इंद्रजीत सिंह, टीना बोधनवाला सूद द्वारा गुब्बारे उड़ा कर कार्यक्रम की शुरुआत की गयी। मौके पर नन्हे एथलीटों का उत्साह देखते बन रहा था। प्री-प्राइमरी के बच्चों और अभिभावकों ने पजल सॉल्विंग रेस, यू एंड मी रेस और पिरामिड मेकिंग रेस जैसी कई दौड़ों में भी भाग लिया। बाधा दौड़ में कक्षा तृतीय के छात्रों ने दीपशिखा के छात्रों के साथ भाग लिया। अरुणाचल प्रदेश, महाराष्ट्र, झारखंड और केरल के लोक नृत्यों के मिश्रण से बने सांस्कृतिक कार्यक्रम ने पूरे माहौल को बेहद खुशनुमा बना दिया।







अतिथि हरभजन सिंह ने इस आयोजन में अभिभावकों को शामिल करने की विद्यालय के प्रयासों की सराहना की। कहा कि ऐसे अवसरों से माता-पिता को अपने बच्चों की क्षमताओं को जानने और सीखने का अवसर मिलता है। विद्यालय के कार्मिक-प्रशासनिक प्रमुख डॉ प्रदीप वर्मा ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए समस्त विद्यालय परिवार को बधाई दी। प्राचार्या परमजीत कौर ने खेलों के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि खेल हमें मानसिक-शारीरिक रूप से स्वस्थ और बीमारियों से दूर रखते हैं। कहा कि फिट इंडिया मूवमेंट तभी सफल होगा, जब हम गतिहीन जीवनशैली छोड़ेंगे।

## इरफान की टिप्पणी को लेकर भाजपा का पलटवार

# ऐसे राजनेताओं के कारण बढ़ता है तनाव : प्रतुल

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** कांग्रेस विधायक इरफान अंसारी ने रांची के डेली मार्केट में आग लगने की घटना को लेकर भाजपा पर संदेह जताया है। इरफान अंसारी की इस टिप्पणी पर भाजपा ने पलटवार किया है। प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा कि इरफान अंसारी उस कांग्रेस पार्टी से आते हैं, जिसने सांप्रदायिक आग में देश को 50 वर्षों तक जला कर रखा था और लाखों लोगों की बलि ली थी। कहा कि इरफान अंसारी जैसे ही राजनेताओं के कारण सांप्रदायिक तनाव और सांप्रदायिक उन्माद बढ़ता है। तुष्टिकरण की नींव पर खड़ी कांग्रेस पार्टी कभी भी उनकी इस घृणित टिप्पणी पर कोई कार्रवाई नहीं करेगी



## महत्वपूर्ण खबरें

### विकसित भारत की संकल्पना युवाओं की सोच में समाहित : डॉ तपन कुमार शांडिल्य





रांची (आजाद सिपाही)। डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय सभागार में शनिवार को विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर इतिहास विभाग द्वारा विकसित भारत पर कार्यशाला सह व्याख्यान का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने कहा कि भारत यानी वह देश, जो ज्ञान में लीन हो। भारत युवाओं का देश है और वर्तमान में हम आजादी का अमृत महोत्सव मना रहे हैं। जल्द ही आने वाले 25 वर्षों में भारत विकसित राष्ट्रों की श्रेणी में आ जायेगा। इसमें इतिहास विभाग के 30 विद्यार्थियों ने विकसित भारत की संकल्पना विषय पर विचार रखे। मौके पर विभागाध्यक्ष प्रो राजेश कुमार सिंह, हनी कुमारी, शुभ्रा लकड़ा, अक्षिता वर्मा, पुष्पा कुमारी, डॉ जेपी शर्मा, प्रियांश कुमार, प्रणय कुमार, दिवाकर, नैनी मिश्रा, दीप्ति गौरव, मितेश समेत अन्य उपस्थित थे। इस महत्वपूर्ण विषय पर परिचर्चा में प्रेरणा कुमारी, प्रिया कौर, करिश्मा कुमारी, मीनाक्षी कुमारी, सत्यम राज, नितेश कुमार, सज्जाद अंसारी, स्मृति कुमारी, मयंक, कुमार गौरव अमन कुमार वर्मा, सुजाता कुमारी, प्रदीप कुमार, राजीव कुमार गुप्ता, यशांगी झा आदि ने अपनी भागीदारी की।

### किसानों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए मोदी सरकार संकल्पित : अर्जुन मुंडा



रांची (आजाद सिपाही)। केंद्रीय कृषि एवं जनजातीय कार्य मंत्री अर्जुन मुंडा ने भारतीय कृषि जैव प्रौद्योगिकी संस्थान का दौरा कर संस्थान द्वारा किये जा रहे अनुसंधान कार्यों का जायजा लिया। किसान संगोष्ठी में श्री मुंडा ने कहा कि भारत एक कृषि प्रधान देश है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अन्नदाता किसान भाइयों को समृद्ध और आत्मनिर्भर बनाने के लिए कृतसंकल्प हैं। ऐसे में इस प्रकार के संस्थान की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो जाती है। संस्थान कृषि विकास की गति को तेज करने के लिए एकीकृत तरीके से जैव प्रौद्योगिकी की क्षमता का दोहन करने की व्यापक दृष्टि के साथ काम कर रहा है।

### 18 यात्रियों का जत्था पाकिस्तान रवाना



रांची (आजाद सिपाही)। निःशुल्क चिकित्सा उपकरण बैंक कैलाश की करुणा रांची के संस्थापक कैलाशी अरविंद सिंह कौशल के नेतृत्व में 18 यात्रियों का जत्था पाकिस्तान रवाना हुआ। पूरे भारत वर्ष से 66 दर्शनार्थी को वीजा मिला है, जिसमें रांची से 18 दर्शनार्थी हैं। जत्था अमृतसर होते हुए 19 दिसंबर को अटारी वॉर्डर से पाकिस्तान जायेगा। जत्था चकवाल स्थित अमरकुंड में स्नान और श्री कटासराज जी के अभिषेक, रामचंद्र के पुत्र महाराज लव की समाधि, राधा कृष्ण मंदिर दर्शन कर 25 दिसंबर को भारत वापसी करेगा। जत्थे का नेतृत्व करनेवाले कैलाशी अरविंद सिंह कौशल के साथ इंदु सिंह, राजेश कुमार, पूजा देवी, परशुराम सिंह, अशोक कुमार सिंह, पिंकी सिंह, शिवपूजन महतो, पूजा कुमारी, राजेंद्र झा, सीता देवी, संजय कुमार शाहा, लक्ष्मी शाहा, जयश्री कुमारी, पुष्पलता कुमारी, शीला देवी, धर्मेंद्र पाठक, संतोष गुप्ता सहित शामिल हैं। समाज सेवी अमित सिंह चंदेल ने शॉल-धर्म ध्वज देकर जत्थे को रवाना किया।

### चैंप्स प्ले स्कूल में वार्षिक खेल महोत्सव



रांची (आजाद सिपाही)। चैंप्स प्ले स्कूल, काजू बागान पंडरा में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन बड़े धूमधाम से किया गया। इस अवसर पर सभी प्रतियोगी बच्चों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर तरह तरह के खेलों का आयोजन किया गया था। इसमे बच्चों का शारीरिक और मानसिक विकास हो सके। खेलों में विशेषतः दौड, रिले रेस, अल्फाबेट गेम और भी बहुत सारे गेम सम्मिलित किये गये थे। इस कार्यक्रम के माध्यम से हमने यह संदेश दिया कि स्कूल न केवल शिक्षण, बल्कि शिक्षणोतर कार्यक्रमों से भी छात्रों को यह मजबूत नींव प्रदान कर है जो उनके बेहतर भविष्य की आधारशिला है। अंत में प्राचार्या अमृता सिंह ने खेलकूद के महत्व को समझाया कि ऐसे कार्या बच्चों में मानसिक संवेदना सहयोग आत्म नियंत्रण और शारीरिक विकास में अहम भूमिका निभाते हैं। प्राचार्य ने सभी अभिभावकों और शिक्षिकाओं का धन्यवाद किया।

## पिपरवार बहेरा पंचायत भवन में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन

# वंचितों का सम्मान का नाम मोदी सरकार : संजीव

आजाद सिपाही संवाददाता



**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बहेरा पंचायत भवन में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन टंडवा सांसद प्रतिनिधि ईश्वर दयाल पांडेय, विधायक जिला प्रतिनिधि अक्षयवट पांडेय, भाजपा पिपरवार मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार मिश्रा, बहेरा मुखिया रेखा कुमारी ने संयुक्त रुप से किया। कार्यक्रम के शुरूआत में हमारा संकल्प विकसित भारत से संबंधित शपथ लिया गया। कार्यक्रम में केन्द्र सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गयी। सांसद प्रतिनिधि ईश्वर दयाल पांडेय ने कहा कि गरीबों के लिए अवसंरचना का निर्माण करना मोदी सरकार की प्राथमिकता है, इसमें तीन करोड़ से अधिक पीएम आवास, 12 करोड़ ग्रामीण परिवारों को नल से जल के लिए कनेक्शन, उज्ज्वला योजना के तहत 9 करोड़ से अधिक मुफ्त गैस कनेक्शन, सौभाग्य के तहत शत प्रतिशत घरेलू विद्युतीकरण, स्वच्छ भारत मिशन के तहत पूर्ण स्वच्छता कवरेज शामिल है। इसी प्रकार किसानों का कल्याण सुनिश्चित करना मोदी सरकार की प्राथमिकता है।

महिलाओं का सम्मान, राष्ट्र का निर्माण मोदी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास के मंत्र से सबका प्रयास से भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प है। इस अवसर पर लाभार्थी ग्रामीणों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति आभार जताया। मौके पर टंडवा मंडल अध्यक्ष गोविंद तिवारी, पिपरवार मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार मिश्रा, संजय गंझू, रामप्रसाद महतो, रामलाल महतो, मनीलाल महतो, बासुदेव, पसंस बसन्ती देवी, माधुरी देवी सहित कई भाजपा कार्यकर्ता और स्थानीय ग्रामीण मौजूद थे।

## कल्याण गुरुकुल के 26 युवाओं को बेंगलुरू के लिए किया गया रवाना

# निःशुल्क प्रशिक्षण के साथ सुरक्षित रोजगार देने के लिए संस्थान प्रतिबद्ध : प्राचार्य किशोर

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** कल्याण गुरुकुल चंद्रपुर तोरपा में प्लंबर का पाठ्यक्रम पूरा करने वाले 53वें बैच के 26 युवाओं को को विदाई दी गयी और हरी झंडी दिखाकर उन्हें बेंगलुरु के लिए रवाना किया गया। इन युवाओं का प्लेसमेंट शोभा डेवलेपर कंपनी बैंगलुरु में किया गया है। समारोह में मुख्य अतिथि पत्रकार अनिल कुमार मिश्र, सतीश शर्मा, प्राचार्य किशोर चंद्र मोहंती ने प्रशिक्षणार्थियों के बीच प्रमाण पत्र का वितरण किया। अपने संबोधन में अनिल मिश्र ने युवकों को तरक्की के लिए मन लगा कर ईमानदारी से काम करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि कल्याण गुरुकुल युवाओं को हुनरमंद बनाकर उनके सपनों को उडान दे रहा है। सतीश शर्मा ने कहा कि कामयाबी की वह पहली सीढ़ी है। अपनी मेहनत और लगन के बल पर कामयाबी की परचम लहराऐं। पत्रकार अजीत जयसवाल ने कहा कि यह इस क्षेत्र के लोगों का सौभाग्य है कि तोरपा के चंद्रपुर में कल्याण गुरूकुल की स्थापना हुई और प्राचार्य किशोर चंद्र मोहंती जैसे कर्मठ और लगनशील प्रिंसिपल का सानिध्य मिला। प्राचार्य ने प्रशिक्षणार्थियों को शुभकामना देते हुए कहा कि कल्याण गुरुकुल पूरी निष्ठा से युवाओं को निःशुल्क प्रशिक्षण के साथ ही सुरक्षित रोजगार प्रदान करने के प्रति कार्य कर रहा है। हुनरमंद बनाकर सैकडों युवाओं को देश-विदेश की नामी कंपनियों में नियोजित किया जा चुका है। मौके पर ट्रेनर शक्तिपद साहू, प्रदीप विश्वास, पिंटू कुमार, रमेश, सुखनाथ महतो, चरण, शोभा कंपनी के प्रमोद कुमार, चंदन, वेद प्रकाश, गौतम केशरी आदि उपस्थित थे।

# झारखंड राज्य माध्यमिक शिक्षक संघ रांची इकाई ने मंत्री और विधायक के प्रति आभार प्रकट किया

आजाद सिपाही संवाददाता



**खलारी।** झारखंड राज्य माध्यमिक शिक्षक संघ रांची इकाई के द्वारा उत्क्रमित उच्च विद्यालय में योजना मद के 1353 सृजित पदों को गैर योजना मद में तब्दील किए जाने पर ग्रामीण विकास और संसदीय कार्य मंत्री आलमगीर आलम और विधायक शिल्पी नेहा तिर्की के प्रति आभार प्रकट किया है। संघ के महासचिव रविन्द्र प्रसाद सिंह ने कहा की उत्क्रमित उच्च विद्यालयों के पदों का योजनामद में सृजन होने के कारण एक लंबे अर्से से कार्यरत शिक्षकों और कर्मियों के वेतन भुगतान, आवंटन, सेवा संपुष्टि और अन्य मामले बहुधा बाधित हुआ करते थे। लेकिन अब गैर योजना मद में पदो के तब्दील होने उक्त समस्याएं दूर होंगी। वहीं संघ के जिला अध्यक्ष सफदर इमाम ने कहा की विधायक शिल्पी नेहा तिर्की सरकारी माध्यमिक शिक्षक और अल्पसंख्यक माध्यमिक शिक्षकों की लंबित समस्याओं को समय समय पर निराकरण करने में हमेशा सहयोग करती रही हैं। साथ ही उन्होंने इसके लिए विधायक शिल्पी नेहा तिर्की को शिक्षक समुदाय की तरफ से विशेष रूप से आभार प्रकट भी किया। वहीं आभार प्रकट करने वालों में संघ के प्रमंडलीय संयोजक कुर्बान अली, जिला सचिव मुकेश कुमार सिंह, संघ के कार्यकारी अध्यक्ष यशवंत विजय उपाध्यक्ष महफिल अंसारी, भावेश महतो, संयुक्त सचिव ज्योति कुमारी, प्रेम साहू, जिला कार्यकारिणी सदस्य सुनीला रोजी बाखला, अभिलाषा कुमारी, मारिया पूनम कुजूर, अनिता कुमारी, तरुण नाग, कोषाध्यक्ष मोहन लाल महतो सहित सरकारी और अल्पसंख्यक विद्यालय के शिक्षक और कर्मी षामिल है।

## झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा का अपनी मांगों को लेकर आर्थिक नाकेबंदी शुरू



**खलारी (आजाद सिपाही)।** झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के दो दिवसीय आर्थिक नाकेबंदी के दौरान शनिवार को पहले दिन मोर्चा के सदस्यों ने किशोर खंडित के नेतृत्व में खलारी रेलवे स्टेशन में प्रदर्शन किया। इस दौरान मोर्चा के लोगों ने अपने हाथों में झंडा लेकर अपनी मांगो के समर्थन में जमकर नारेबाजी की। वहीं प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे किशोर खण्डित ने कहा कि झारखंड राज्य को अलग हासिल करने वाले आंदोलनकारियों को सरकार उचित मान-सम्मान देने के साथ उन्हे पेंशन सहित मुलभूत सुविधाओं को प्रदान करे। कहा कि सरकार यह वैधता भी खत्म करे कि जो झारखंड आंदोलनकारी जेल गए है वहीं झारखंड आंदोलनकारी होंगे। कहा कि जब तक सरकार हमारी मांगों को मान नही लेती तब तक झारखंड आंदोलनकारियों का आंदोलन जारी रहेगा।

# तिरंगा हमारी आन-बान और शान है : राजेश

आजाद सिपाही संवाददाता



**खलारी।** करकट्टा स्थित सरस्वती विद्या मंदिर में शनिवार को विजय दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में सीआइएसएफ के इंस्पेक्टर राजेश कुमार और उनके सहयोगी जवान वितेश उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरूआत सरस्वती वंदना एवं मुख्य अतिथि के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने अपने-अपने विचार व्यक्त किए। वहीं विद्यालय के षिक्षक पुरुषोत्तम कुमार सिंह ने 1971 का युद्ध का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि आज हीं के दिन भारतीय सैनिकों ने पाकिस्तान के लगभग 93 हजार सैनिकों से आत्मसमर्पण कराया और विजय पताका फहराया। इस विजय के उपलक्ष्य में संपूर्ण भारतवासी 16 दिसंबर को विजय दिवस के रूप में मनाते हैं। मुख्य अतिथि इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने कहा कि देश का तिरंगा हम भारतवासियों के लिए आन बान और शान है। उन्होंने कहा कि कठिन से कठिन परिस्थितियों में सैनिकों का जोश कम नहीं होता है। हमारे देश की सैनिक देश की सुरक्षा के लिए बॉडर पर 24 घंटे तैनात रहते हैं। कहा कि देश है तो हम सभी हैं। वहीं कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन षिक्षिका पूनम पाठक ने दिया। मौके पर उपस्थित षिक्षिका संध्या सिंन्हा, नूतन, शिक्षक संजीव, सियाराम सिंह आदि उपस्थित थे।

# 66वां वार्षिक खान सुरक्षा सप्ताह मनाया गया

आजाद सिपाही संवाददाता



**खलारी।** सीसीएल एनके एरिया के चुरी परियोजना में 66वां वार्षिक खान सुरक्षा सप्ताह समारोह पूर्वक मनाया गया। समारोह के दौरान सीसीएल गोविंदपुर परियोजना की टीम के द्वारा खदान का निरीक्षण किया गया। चुरी पहुंची टीम का परियोजना के अधिकारियों के द्वारा बुके देकर स्वागत किया गया। समारोह में निरीक्षण टीम में कन्वेयर सीबी तिवारी, डीडीएमएस रांची रीजन विनीत चैरसिया, आएसओ के मनीष मोहन, अंजनी कुमार, एलबी सिंह, नसीम परवेज, मोहन कुमार रवानी, बुधन प्रजापति, एनके एरिया के सेफटी ऑफिसर राजेंद्र प्रसाद, परियोजना पदाधिकारी अनुज कुमार, खान प्रबंधक शैलेश कुमार, सेफटी ऑफिसर खिवराज शामिल थे। खान प्रबंधक शैलेश कुमार के द्वारा परियोजना के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी। वहीं दारा महंत टीम के द्वारा सुरक्षा संबंधित गीत प्रस्तुत किए गए। इस मौके पर टीम कन्वेयर सीबी तिवारी और डीडीएमएस विनीत चैरसिया ने खदानों में सुरक्षा के मापदंड को ध्यान में रखते हुए कार्य करने की बात कही। जिसके बाद टीम के सदस्यों ने खदान का निरीक्षण किया। इस अवसर पर डीपी सिंह, जोर्ज लोगा, रामदेव प्रसाद, सोनू पांडे, कुलदीप साव, शिव पासवान, मनीष कुमार, धीरज कुमार, दीपक मंडल, अरुण कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

### ट्रेड यूनियन नेताओं ने किया बहिस्कार

**इधर चुरी परियोजना में आयोजित 66वां वार्षिक खान सुरक्षा सप्ताह समारोह का ट्रेड यूनियन नेताओं ने बहिश्कार कर दिया। नेताओं ने चुरी प्रबंधन पर आरोप लगाते हुए कहा कि समारोह में किसी भी प्रकार कोई व्यवस्था नही थी। वहीं कहा गया कि समारोह में बुलाए पर ही हम टेड्ज यूनियन के प्रतिनिधि समारोह में शामिल हुए है, लेकिन प्रबंधन की ओर न तो उचित मान-सम्मान दिया गया और न ही कोई समारोह में व्यवस्था सही से की गयी।**

## 77 दिनों से जारी है रैयतों का अनिश्चितकालीन धरना



**खलारी (आजाद सिपाही)।** सीसीएल एनके एरिया के केडीएच परियोजना खदान से सटे जामुन दोहर में 77 दिनों से रैयतों का अनिश्चितकालीन धरना जारी है। वे जमीन के बदले नौकरी, मुआवजा और पुनर्वास किए जाने की मांग को लेकर धरना पर बैठे हैं। शनिवार को धरना पर बैठे बिहार कोलयरी कामगार यूनियन के जोनल अध्यक्ष सह विश्रामपुर के रैयत रतिया गंझू ने बताया कि रैयतों की मांगों पर एनके प्रबंधन के साथ-साथ प्रशासनिक अधिकारियों का उदासीन रवैया बना हुआ है। उन्होंने कहा कि इतने दिन बीत जाने के बावजूद भी प्रबंधन द्वारा कोई भी ठोस पहल करने का प्रयास नहीं किया गया है। धरना में रतिया गंझू के अलावा देवराज गंझू, रोशन गंझू, सनी कुमार, संतोष कुमार गंझू, विजय कुमार गंझू, अंकित कुमार टोप्पो, संजय गंझू, विमल कुमार गंझू, राजू राम, पिंटू गंझू, सतीश गंझू आदि बैठे थे।

## रैयत विस्थापित मोर्चा ने परियोजना पदाधिकारी को दिया मांग पत्र



**खलारी (आजाद सिपाही)।** रैयत विस्थापित मोर्चा डकरा शाखा के द्वारा परियोजना पदाधिकारी अनिल कुमार सिंह को मांग पत्र सौपा गया। शाखा अध्यक्ष सुनील यादव के नेतृत्व में डकरा परियोजना पदाधिकारी को मांग पत्र सौंपा गया। जिसमें गांव में बिजली, पानी, सड़क, टावर लाइट सहित अन्य प्रमुख मांगों को रखा गया।

मोर्चा ने पत्र के माध्यम से प्रबंधन को चेताया कि 25 दिनों के अंदर अगर सकारात्मक पहल नहीं हुई तो डकरा शाखा रैयत विस्थापित मोर्चा द्वारा जन आंदोलन किया जायेगा। जिसकी सारी जिम्मेवारी डकार परियोजना पदाधिकारी की होगी।

## आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

# शिविर में 803 आवेदन आये, 614 का निष्पादन

आजाद सिपाही संवाददाता



**खलारी।** चुरी उत्तरी पंचायत में षनिवार को अंचल अधिकारी खलारी षिषुपाल आर्य की अध्यक्षता में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार का आयोजन किया गया। मौके पर मुखिया ललिता देवी, पंचायत समिति सदस्य अंजू देवी, झामुमो खलारी प्रखंड प्रभारी प्रदीप भोगता, प्रदेश सचिव कांग्रेस इंदिरा देवी, प्रखंड अध्यक्ष कांग्रेस शबीर अंसारी सहित अन्य उपस्थित थे। ह्यआपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में पहुंचे ग्रामीणों ने विभिन्न योजनाओं से संबंधित विभागों के द्वारा लगाए गए स्टॉल के माध्यम से राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं की जानकारी ली और समस्याओं के समाधान हेतु आवेदन दिया। लोगों ने अपनी समस्याओं से संबंधित कुल 803 आवेदन दिए जिनमें से 614 आवेदनों का निष्पादन तत्काल शिविर में ही कर दिया गया। अन्य आवेदनों को आगे की कारवाई के लिए अग्रसारित किया गया। इसके साथ ही उपस्थित अतिथियों ने संयुक्त रूप से लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया। कार्यक्रम में 01 जाति व 01 आय प्रमाण पत्र लोगों को दिया गया। वहीं 130 लोगों को श्रम कार्ड दिया गया, मनरेगा अंतर्गत 05नए कार्य का आवंटन, 15वें वित्त आयोग के तहत 26 नयी योजनाएं स्वीकृत की गयी। इसके अलावा 50 आयुष्मान कार्ड का वितरण हुआ। वहीं स्वास्थ्य जांच शिविर में 35 लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गयी। इस दौरान 155 लोगों को कंबल, 233 लोगों को धोती, साड़ी का वितरण किया गया। इसके साथ ही सर्वजन पेंशन के लिए 16 आवदेन, निर्वाचन संबंधित 20 अवोदन, मुख्यमंत्री पशुधन योजना के लिए 03 आवेदन, सावित्री बाई फुले योजना के लिए 02 आवेदन, राशन कार्ड सुधार के लिए 25 आवेदन, आधार पंजियन के लिए 13 आवेदन के अलावा अन्य विभागों के लिए भी लाभुकों द्वारा आवेदन दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भ्रमणशील पशु चिकित्सा पदाधिकारी डॉ प्रतिमा कुमारी, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी विनय कुमार गुप्ता, प्रखंड कृषि पदाधिकारी आदित्यनाथ झा, प्रखंड समन्वयक असित कुमार, कनीय अभियंता, प्रवीण उरांव, शिक्षा विभाग से मनोज कुमार, बालविकास विभाग से आंगनबाड़ी सेविका सुनीता देवी, रूदन देवी, पेयजल स्वच्छता विभाग से जल सहिया मनिता पांडे, प्रधान सहायक बहलु, अजित सिन्हा, पंचायत सचिव राजेंद्र नायक, ग्राम रोजगार सेवक मणिलाल उरांव, सहित सभी विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

## महत्वपूर्ण खबरें

### खूंटी में किशोरी और ग्रामीण ने की आत्महत्या

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के अलग-अलग क्षेत्रों में शनिवार को एक किशोरी और एक ग्रामीण ने फंदे से झूल कर आत्महत्या कर ली। पहली घटना तारोसिलादोन गांव में हुई। यहां सूर्यमोहन सिंह मुंडा नामक ग्रामीण की 16 वर्षीय पुत्री वर्षा कुमारी ने अपने घर में ही फंदे से झूलकर आत्महत्या कर ली। दूसरी घटना घाघरा गांव में हुई, जिसमें गांव के ही मंगरु मुंडा नामक 50 वर्षीय व्यक्ति ने अपने घर के समीप स्थित एक पुराना कुआं के पास एक पेड़ में रस्सी से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। अलग-अलग समय पर हुई दोनों घटना की सूचना खूंटी थाना की पुलिस को मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक पड़ताल के बाद शवों को अपने कब्जे में कर पोस्टमार्टम के बाद स्वजनों को सौंप दिया। समाचार लिखे जाने तक दोनों घटनाओं के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है। खूंटी थाना में दो अलग-अलग यूडी केस दर्ज किया गया है।

### शिविर में महत्वाकांक्षी योजनाओं की दी जानकारी



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शनिवार को जिले के सभी प्रखंडों एवं नगर पंचायत क्षेत्र में शिविर लगाकर योग्य ग्रामीणों को कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया। कर्रा के बकसपुर पंचायत में लगाए गए शिविर में विभिन्न विभागों के द्वारा कुल 696 आवेदन प्राप्त किए गये। 364 लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया गया तथा 167 ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जांच की गयी। कार्यक्रम में 28 लाभुकों को बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन मिशन के तहत स्वीकृत प्रमाण पत्र सौंपा गया। जनसंपर्क विभाग द्वारा जारी विज्ञप्ति में बताया गया कि विभिन्न पंचायतों में आयोजित होने वाले कैंप में बड़ी संख्या में ग्रामीण इलाकों के लोग पहुंच रहे हैं। और विभिन्न विभागों द्वारा लगाये स्टॉल में अपना आवेदन जमा कर रहे हैं। शिविरों में ग्रामीण उत्सुकता से परिसंपत्तियों का लाभ प्राप्त कर रहे हैं। शिविर के माध्यम से ग्रामीणों को जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने के साथ ही अबुआ आवास योजना, गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, हरा राशन कार्ड, सोना सोबरन धोती साड़ी वितरण योजना, केसीसी, छात्रवृत्ति विभिन्न प्रकार के सर्टिफिकेट आदि कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने का काम किया जा रहा है।

### 2047 तक भारत पूर्ण रूप से विकसित हो जायेगा : अर्जुन मुंडा



**तैमारा (आजाद सिपाही)।** बुंडू प्रखंड के गभड़ेया पंचायत स्थित राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय नावाडीह में केंद्रीय कृषि मंत्री सह स्थानीय सांसद अर्जुन मुंडा ने संकल्प भारत विकसित भारत के तहत गभड़ेया पंचायत के लोगों को उज्ज्वला योजना के तहत गैस वितरण और बीज का वितरण किया इस अवसर पर अर्जुन मुंडा ने कहा कि गांव की महिलाएं मजबूत और स्वालंबी हो रही हैं 2047 तक भारत पूर्ण रूप से विकसित हो जायेगा मोदी सरकार ने 5 साल तक मुफ्त राशन की गारंटी दी। इस अवसर पर जिला परिषद सदस्य परमेश्वरी शांडिल प्रमुख राजकुमार बिंझिया मुखिया संदीप उरांव एसडीओ संदीप अनुराग टोपनो बीडीओ रेणु सहित सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### विस्थापितों का प्रतिनिधिमंडल सीएमडी से मिला



**खलारी (आजाद सिपाही)।** पिपरवार और एनके क्षेत्र के विस्थापितों का प्रतिनिधि मंडल सीसीएल सीएमडी से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि पुरनाडीह परियोजना के कुटकी हेंजदा के रैयतों की जमीन पर 2019 में जो 6 लोगों का जॉइनिंग लेटर भी आ गया था लेकिन अभी तक उन्हे नौकरी नही मिला, उस पर प्रबंधन पहल करे। वहीं क्षेत्र में बहुत कंपनी खुल रहा है। उसमें स्थानीय लोगो को रोजगार मिले। प्रतिनिधिमंडल ने सीएमडी को बताया कि बरवाटोला से सटे खदान के समीप घरों के नजदीक आग लग गया है। इस पर भी प्रबंधन द्वारा सकारात्मक पहल किया जाय। वहीं जल्द से जल्द वहाँ के लोगों को विस्थापित किया जाय। प्रतिनिधिमंडल की बातों से अवगत होने पर सीसीएल सीएमडी ने उक्त मामलों पर सकारात्मक पहल करने का आष्वासन दिया है। इस मौके पर प्रतिनिधिमंडल में धनराज भोगता, सोमर गंझू, शिवनाथ, अमरदीप कौशल, अर्जुन, शिवनाथ भोगता, सुखी गंझु, शिबू गंझू आदि शामिल थे।

### वाहन की चपेट में आने से ग्रामीण की मौत


**खूंटी (आजाद सिपाही)।** तोरपा थानांतर्गत जापुद गांव के समीप शुक्रवार देर शाम किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक ग्रामीण की मौत हो गयी। मृतक की पहचान जापुद मुंडा टोली निवासी 35 वर्षीय सुखराम भेंगरा के रूप में हुई है। इस संबंध में तोरपा थाना में एक मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ग्रामीण को चपेट में लेने वाले वाहन की पहचान में जुटी है। शनिवार को शव का पोस्टमार्टम सदर अस्पताल खूंटी में कराकर उसे स्वजनों को सौंप दिया।

### खिताब पर बिलारी की टीम ने जमाया कब्जा



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के एजीएस खेल मैदान बिलारी मे एनटीपीसी और स्थानीय ग्रामीणो के सौजन्य से चल रहे फुटबॉल टूर्नामेंट का शनिवार को फाइनल मैच खेला गया। टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला एजीएस बिलारी बनाम चिरैयांटांड़ के बीच खेला गया। इस रोमांचक मुकाबले में एजीएस बिलारी की टीम ने चिरैयाटांड़ को पराजित कर खिताब पर कब्जा जमाया। समापन समारोह में उपस्थित अतिथियों ने विजेता और उपविजेता टीम को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया।

### अब्दुल्ला अंसारी ने चार परिवार को मदद दी



**खलारी (आजाद सिपाही)।** मजदूर नेता अब्दुल्ला अंसारी ने खलारी के राय तथा मोहननगर में कुल चार परिवार को आर्थिक मदद किया। राय पंचायत क्षेत्र के स्वर्गीय रोहित कुमार महतो, जतरू महतो और कमलेश गंझू तथा मोहननगर निवासी स्वर्गीय संजय कुमार रजवार का चारो का एक सप्ताह पूर्व बीमारी के कारण मृत्यु हो गया था। चारो गरीब परिवार से है। जानकारी मिलने के बाद मजदूर नेता अब्दुल्ला अंसारी ने चारों परिवार को मदद किया।

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 17 दिसंबर, 2023
www.azadsipahi.in



## खिजरी में भाजपा का सदस्यता ग्रहण कार्यक्रम आज, शामिल होंगे पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी





नामकुम (आजाद सिपाही)। खिजरी विधानसभा क्षेत्र के नामकुम अंचल कार्यालय के समीप नयाटोली गांव के मैदान में रविवार दोपहर एक बजे भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जिसमें खिजरी पंचायत के पूर्व मुखिया, जिला परिषद सदस्य सह कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रामअवतार केरकेट्टा, उनकी पत्नी सह वर्तमान खिजरी मुखिया कामेर्ला कच्छप अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ भाजपा की सदस्यता ग्रहण करेंगे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रुप में पूर्व मुख्यमंत्री सह भारतीय जनता पार्टी झारखंड के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी उपस्थित रहेंगे। वहीं, विशिष्ट अतिथि रांची सांसद संजय सेठ, संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, प्रदेश महामंत्री डॉ प्रदीप वर्मा, पूर्व विधायक खिजरी रामकुमार पाहन, सांसद प्रतिनिधि खिजरी विधानसभा प्रमोद कुमार सिंह शामिल होंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने में सिमडेगा प्रभारी सह वरिष्ठ भाजपा नेता मुन्ना बड़ाईक, नवीन बड़ाईक, रामाधार सिंह, अखिलेश यादव आदि भाजपा कार्यकर्ता लगे हुये है।

## कांके में विज्ञान प्रदर्शनी का उद्घाटन



पिठोरिया (आजाद सिपाही)। प्रस्तावित उच्च विद्यालय सुकुरहुटू कांके में विज्ञान प्रदर्शनी का उद्घाटन विद्यालय के सचिव मृत्युंजय कुमार ने करते हुए कहा कि आज का युग विज्ञान का युग है। वैज्ञानिक सोच, अभिरुचि, जागरूकता और नवाचारों को विकसित करने में विज्ञान प्रदर्शनी का महत्वपूर्ण योगदान होता है। इससे छात्रों में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना के साथ वैज्ञानिक दृष्टिकोण का भी विकास होता है। वहीं समिति के पूर्व अध्यक्ष बद्रीनाथ महतो ने कहा विज्ञान प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में विज्ञान विषय के प्रति रुचि पैदा करना है। इस अवसर पर ग्रामीण विकास समिति के सचिव नरेंद्र किशोर, कमलनाथ, अनिता, सुजाता, वरीय शिक्षक कृष्ण कुमार, अगुस्टीना लकड़ा, हरखनाथ सहित अन्य कर्मचारी और ग्रामीण मौजूद थे।

## विहिप और बजरंग दल की बैठक संपन्न



लापुंग (आजाद सिपाही)। लापुंग के दोलैचा शिव मंदिर प्रांगण में विश्व हिंदू परिषद और बजरंगदल के वैनर तले मंटू कुमार भगत की अध्यक्षता में बैठक किया गया। इस बैठक में राम जन्म भूमि में 22 जनवरी को राम मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा का अयोध्या से आये अक्षत का गांव-गांव तक वितरण करने के लिए पंचायत प्रतिनिधि का चयन किया गया। संरक्षक नंदलाल साहू ने 22 जनवरी को लापुंग प्रखंड के सभी गांव में दीपोत्सव के साथ मंदिरों में दीपावली और पूजापाठ करने का आग्रह किया। मौके पर किश्वर साहू उपाध्यक्ष, सुनील कुमार गुप्ता (बेडो), कंचन साहू, नीलकमल साहू, सुरेंद्र साहू, रदाम साहू, दिगंबर आदि को जिम्मेदारी दिया गया। इसमें बकाकेरा, फतेहपुर, लापुंग, दोलाईचा, डिंबा और आम लटदाग के अलावे अन्य सनातनी बंधु भाग लिए।

## वृद्ध महिला और पुरुषों के बीच कंबल का वितरण

नामकुम (आजाद सिपाही)। प्रखंड के बधुवा पंचायत अन्तर्गत बुंडूबेड़ा गांव में शनिवार को पंचायत प्रभारी सलैन्द सिंह विजिया और महिला पंचायत प्रभारी शांति देवी के नेतृत्व में वृद्ध महिला और पुरूषों को ठंड से बचने के लिये आजसू पार्टी के सौजन्य से कंबल का वितरण किया गया। इस मौके पर रांची जिला वादी उपाध्यक्ष प्रकाश लकड़ा ने कंबल वितरण कार्यक्रम को सेवा ही लक्ष्य बताया है। मौके पर केंद्रीय सचिव फुलकुमारी देवी, रांची जिला उपाध्यक्ष प्रकाश लकड़ा, जितेन्द्र सिंह, छेदी सिंह विजिया, चमर सिंह विजिया, जुवेल पहान, विनोद होरो, कोईरीबेडा ग्राम प्रभारी रोशन हंस और सैकड़ों ग्रमीण उपस्थित थे।

## आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन



सिकिदिरी (आजाद सिपाही)। हरातु पंचायत सचिवालय में आज शनिवार के दिन आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लोगों ने आबुवा अवास, वृद्धा विधवा पेंशन, जाॅब कार्ड आदि की फार्म जमा किये। वहीं मौके पर वृद्ध व असहायों के बीच कम्बल का वितरण किया गया। मौके पर अनगड़ा प्रमुख दिपा उरॉव, हरातु मुखिया राजेंद्र बेदिया, उपमुखिया मणी मुंडा, पंसस बिनोद रजवार, ग्रामप्रधान शिवधर रजवार, दुतिलाल बेदिया, मनोज बेदिया, वार्ड सदस्य जीतू महतो, मालती देवी, मंजू देवी, लाल मुंडा, अनिल भोगता आदि के अलावा ग्रामीण उपस्थित थे।

## करकट और कांजिया पंचायत में कार्यक्रम आयोजित



चान्हो/मांडर (आजाद सिपाही)। चान्हो प्रखंड के करकट पंचायत और मांडर प्रखंड के कंजिया पंचायत में आपकी योजना आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य रूप से प्रखण्ड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार और जिला परिषद सदस्य आशुतोष तिवारी उपस्थित रहे। इस दौरान विभिन्न कंजिया में विभागों के कुल 2157 आवेदन प्राप्त किया गया तथा 1067 परिसंपत्तियों का वितरण किया गया। शिविर में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए जिप सदस्य आशुतोष तिवारी ने कहा कि झारखंड सरकार के द्वारा संचालित सभी महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ लें। उन्होंने गुरूजी क्रेडिट कार्ड योजना, अबूआ आवास योजना के बारे में बताते हुए सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना का लाभ लेने की बात कही। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य है की जो भी व्यक्ति पात्र हैं उनके घर तक योजना पहुंचे और उनका उनका हक मिले।

# मोदी है तो गारंटी है: सुदर्शन भगत

**लापुंग के दोलैचा पंचायत सचिवालय में लापुंग हमारा संकल्प विकसित भारत योजना**

आजाद सिपाही सवांददाता

**लापुंग।** हमारा संकल्प विकसित भारत योजना के तहत लापुंग प्रखंड की दोलैचा और देवगांव पंचायत सचिवालय में आयोजित किया गया। दोलैचा पंचायत प्रांगन में कार्यक्रम में सांसद सुदर्शन भगत, मुखिया मालती रानी केर-केट्टा, प्रखंड विकास पदाधिकारी एमानुएल जयवीरस लाकड़ा, सांसद प्रतिनिधि राकेश भगत, अध्यक्ष दुखहरन सिंह, नंदलाल साहू, जितेंद्रपाल सिंह ने सयुक्त रूप से दीप प्रज्ववलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया।




सुदर्शन भगत ने कहा कि केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, घर घर नलजल योजना, हर घर शौचालय, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना की जानकारी दिया। 2024 में मोदी की गारंटी है तो केंद्र सरकार रोटी, कपड़ा, मकान, स्वास्थ्य और शिक्षा की गरंटी कहा। केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं को डिजिटल चलचित्र के माध्यम से दिखाया गया। कंबल और गैस सिलिंडर और चूल्हा का वितरण किया गया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से केंद्र सरकार की योजनाओं को जानकारी दिया। राजो कुमारी 30 पिता कोका मुंडा कि साइटिका बीमारी से चलने में असमर्थ थी, आयुष्मान कार्ड से सांसद सुदर्शन भगत ने दिल्ली स्थित अपने आवास में रखकर दिल्ली एम्स में इलाज कराकर स्वस्थ लाभ लेकर लाभुक सांसद का आभार व्यक्त किया। इस कार्यक्रम में मनरेगा, बैंक, शिक्षा, उज्ज्वला गैस, योजना, स्वास्थ्य, पेय जल, जेसीलपीएस, स्टॉल लगाया गया। मौके पर बीपीओ मो इम्तियाज, सहकारिता पदाधिकारी विनोद नारायण झा, कृषि पादाधिकारी, पंचायत सेवक, जनसेवक, रोजगार सेवक, आंगन वाड़ी सेविका, सहीया, महिला समूह के अलावा सैकड़ों महिला पुरुष भाग लिये।

# योग्य लाभुकों को आवास देना हमारी प्राथमिकता : बीडीओ

**अबुवा आवास सर्वे को लेकर प्रशिक्षण शिविर का हुआ आयोजन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो।** प्रखंड कार्यालय के सभागार में शनिवार को बीडीओ संग्राम मुर्मू की अध्यक्षता में अबुवा आवास के सर्वे को लेकर प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जहां बीडीओ ने सर्वे से संबंधित सरकार की गाइड लाइन के अनुसार सर्वे करने का निर्देश देते हुए कहा कि सर्वे के मद्देनजर सभी पंचायत में पांच सदस्य




कमेटी का गठन किया गया है। जिनका काम योग लाभकों का चयन किया जाना है। उन्होंने कहा कि आपके अधिकार आपकी सरकार आपके द्वारा योजना के तहत अबुवा आवास के लिए ग्रामीणों द्वारा समर्पित आवेदनों पर सरकार की गाइड लाइन के अनुसार सर्वे का कार्य करते हुए चिन्हित कर योग्य लाभकों को आवास का लाभ देना हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने गाइड लाइन के अनुसार स्कोरिंग किए जाने और ऐप के माध्यम से सर्वे से संबंधित जानकारी दी। मौके पर मोदस्सिर हक,बीपीओ संजय तिर्की, सहायक अभियंता पुरुषोत्तम भाई पटेल, प्रधान लिपिक फारूक नदीम, आवास को ऑर्डिनेटर रामनाथ लोहारा, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी डा राकेश रंजन, प्रखंड कृषि पदाधिकारी अनवर अंसारी, सांख्यिकी पदाधिकारी वासुदेव बड़ाइक, मुखिया महावीर उरांव, मुखिया जतरू उरांव, मुखिया सुनीता सोरेन, पंचायत समिति सदस्य कल्याणी देवी, सोनू कुमार शाहिद अन्य लोग उपस्थित थे।

# कश्मीरी युवा आदान प्रदान कार्यक्रम का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**नामकुम।** नेहरु युवा केंद्र संगठन झारखंड युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा आयोजित 6 दिवसीय कश्मीरी युवा आदान प्रदान कार्यक्रम के तृतीय दिवस शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ मुख्य अतिथि दिनेश कुमार यादव उप विकास आयुक्त रांची और डॉ भूपेश कुमार प्रिंसीपल आईएचएम ब्रांबे के द्वारा वाईबीएन के कॉन्फ्रेंस हॉल में संयुक्त रूप से किया। शैक्षणिक सत्र में उप विकास आयुक्त ने सभी प्रतिभागियों के जिलो की जानकारी और उनकी अपेक्षाओं पर चर्चा करते हुए उन्हें अधिक से अधिक भ्रमण कराने की बात कही। साथ ही उन्होंने झारखंड की संस्कृति, नदी एवं जंगलो से परिचित कराते




हुए कश्मीर के युवाओ को प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में डॉ भूपेश कुमार प्रिंसीपल आईएचएम ब्रांबे ने अपने प्रेजेंटेशन में झारखंड की सांस्कृतिक विरासत के साथ वाध्य यंत्रो, पेंटिंग और कठपुतली, कश्मीरी खान-पान पर चर्चा करते हुए कश्मीरी और झारखंड के युवाओं को अपने अपने राज्य के प्रमुख व्यंजनों पर चर्चा करते हुए फूड फेस्टिवल हेतु आई.एच.एम ब्रांबे में आमंत्रित किया। कार्यक्रम में सीआरपीएफ के आईसी संदीप द्विवेदी ने कश्मीरी युवाओं को कश्मीर के विकास और राष्ट्र निर्माण में उनकी पहचान के साथ विकसित राष्ट्र की भूमिका पर चर्चा की। साथ ही अपने व्यक्तिगत जिम्मेदारी के साथ नागरिक कर्तव्यों पर चर्चा की। आखिरी शैक्षणिक सत्र में जेएसएलपीएस रिसोर्स सेंटर के प्रभारी नितीश और झारखंड के महिला समूह की प्रमुख शोभा देवी और अरुणा देवी ने अपने समूह के संचालन और उपलब्धियों पर कश्मीरी युवाओ से अनुभव साझा किया। धन्यवाद ज्ञापन डॉ. एनके गुप्ता कुलपति वाईबीएन यूनिवर्सिटी और मंच संचालन डीएसडब्ल्यू डॉ. अर्पणा शर्मा ने किया। मौके पर वाईबीएन विश्वविद्यालय प्रशासन समिति, विश्वविद्यालय के सभी अधिकारी, शिक्षक और छात्र-छात्राएं मुख्य रुप से उपस्थित थे।

# अजीम प्रेमजी फाउंडेशन ने दिया प्रशिक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता

**इटकी।** इटकी प्रखंड के सभागार में अजीम प्रेमजी फाउडेंशन द्वारा एक शिविर आयोजित कर आंगनबाड़ी सेविकाओं को बच्चों के मानसिक विकास और शिक्षा पर विशेष रूप से प्रशिक्षण दिया गया। शिविर में प्रशिक्षक अभिषेक मित्रा ने आगंनबाडी से जुड़े बच्चों को गुणवता पूर्ण शिक्षा के द्वारा उनकी मानसिक विकास को सुद्दढ करने पर विशेष रूप से जानकारी दी साथ ही बच्चों के



इटकी प्रखंड में आयोजित शिविर में आगंनबाड़ी सेविकाओं को प्रशिक्षण देते प्रशिक्षक अभिषेक पत्रा

बेहतर स्वास्थ्य पर चर्चा करते हुए खेल के माध्यम से बच्चों में पढ़ाई पर रुचि बढ़ाने के लिए कई तरीकों को बताया। सेविकाओं को शिविर में कई बाल गीत बता कर बच्चों को संगीत के क्षेत्र में जोड़ने का प्रशिक्षण दिया गया।

अजीम प्रेमजी संस्थान द्वारा 67 आंगनबाड़ी केंद्र से जुड़े बच्चों के लिए चार्ट पेपर, स्केच पेन, पेंशिल सहित कई अन्य शिक्षण सामग्री का वितरण सेविकाओं के बीच की गयी। कार्यक्रम में संस्थान के साकेत सिंह, रोहितसहित दर्जणों आंगनबाड़ी सेविकायें और अधिकारी मौजूद थे।

# बेड़ो में जलमीनार योजना बनी लूट मीनार

**गांव की महिलाओं ने कहा बढ़िया चापाकल को सौर ऊर्जा जलमीनार बना कर बर्बाद कर दिया गया**

आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो।** प्रखंड मुख्यालय सहित प्रखंड के 17 पंचायत के 84 गांवों में बनी जलमीनार शोभा की वस्तु बनकर रह गये हैं। इसका उपयोग ही नहीं हो रहा है। जिसके कारण लाखों की लागत से निर्मित जलमीनारों का लाभ लोगों को नहीं मिल रहा है। जलमीनार बनाकर सरकारी राशि का सिर्फ दुरुपयोग किया गया। विभागीय लापरवाही के कारण वर्तमान में कई जलमीनार बंद व बेकार पड़े है। वही कुछ जलमीनार ऐसे भी हैं, जिससे स्थानीय लोगों को एक बूंद पानी नहीं मिल रहा है। जबकि सरकार द्वारा गांवों में शुद्ध पेयजल के लिए 14वीं और 15वीं वित्त से सौर ऊर्जा से संचालित मीनार



बनायी गयी है। भले ही आम जनमानस को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने का दावा हो और करोड़ों रुपये की योजनाएं बनाकर रुपये खर्च हो रहे हों, पर गांव के धरातल पर सरकार की योजनाओं का वास्तविकता देखी जा सकती है। ग्रामीणों का दर्द न तो जिम्मेदार समझ रहे हैं और न ही अधिकारी। ग्रामीणों का कहना है कि भले ही सरकार लोगों को शुद्ध पानी को लेकर बड़े-बड़े दावे कर रही है, लेकिन गांव में पीने की पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है। प्रखंड के 17 पंचायत के 84 गांवो में चले जाये, 1 से 2 जलमीनार बंद पड़ी मिलेंगी। घपला व लूट के इस खेल में ऊपर से नीचे तक कमीशन पहुंचता है। जल मीनार के नाम पर पैसे की लूट का मामला कोई छोटा मामला नहीं है। यह करोड़ों रुपये के घोटाले का मामला है। इसका आकलन इससे किया जा सकता है कि प्रखंड के एक पंचायत में लगभग 8 से 10 जलमीनार का निर्माण किया गया है। इसमें से आधी राशि कमीशन के नाम पर बांट लिए गए हैं। ग्रामीणों ने बताया कि गांव के खराब जलमिनरो को दुरुस्त कराने के लिए जिम्मेदारों कई बार कहा भी गया है। लेकिन इनकी कहीं कोई सुननेवाला नहीं है।

### भाजपा नेता सन्नी टोप्पो ने बेड़ो में जलमीनार योजना की जांच कर कार्रवाई की मांग की



बेड़ो में सौर ऊर्जा जलमीनार में हुई अनियमितता पर केंद्र सरकार के द्वारा जांच करने और दोषियों पर कार्रवाई करने की मांग की है। सन्नी टोप्पो ने कहा कि प्रखंड में सोलर जलमिनार लगाने में सरकारी राशि की जमकर लूट हुई है। साथ ही जिस मकसद से गांवों में सोलर जल मीनार लगायी गयी है, उसका लाभ लोगों को नहीं मिल पा रहा है। कुछ सोलर जलमिनर को छोड़ दिया जाये तो प्रखंड के गांवों में जलमिनर बंद पड़ी हुई है, इसमें पेयजल का स्वच्छता विभाग द्वारा लगायी गयी जलमीनार में जमकर लूट हुआ है, 14वें और 15वें वित्त से लगी अधिकांश जलमीनार आज बंद पड़ी है।

## सरकार आपके द्वार के तहत शिविर का आयोजन



रातू (आजाद सिपाही)। आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शनिवार को प्रखंड के हुरहुरी पंचायत में शिविर का आयोजन किया गया। ग्रामीणों की ओर से कुल 1800 आवेदन दिया गया। जिसमें सिर्फ अबुआ आवास के लिए 803 आवेदन दिया गया है। पेंशन और सुधार के लिए 8 सोना सोबरन योजना के तहत 303 धोती साड़ी और 298 कंबल का वितरण किया गया। वहीं शिविर में ही 680 आवेदनों का त्वरित कार्रवाई करते हुये निष्पादन किया गया। कार्यक्रम में उप प्रमुख रेयाजुल अंसारी, बीएसओ अभिषेख कुमार, पंचायत सेवक महिंदर सिंह, सीआई संतोष उरांव पंचायत समिति सदस्य और वार्ड सदस्य आदि लोग मौजूद थे।

## आर्मी के जवान के घर से लाखों की चोरी

रातू (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के पिर्रा में चोरो ने आर्मी के घर को निशाना बनाते हुये घर मे लगे ताले को तोड़कर लाखो रुपये की सामान की चोरी की घटना को अंजाम देकर फरार हो गये। जानकारी के मुताबिक थाना क्षेत्र के पिर्रा में रहने वाले धनजंय सिंह आर्मी का जवान है। फिलहाल वह नामकुम में पोस्टेड है। चोरो ने घर मे लगे ताले को तोड़कर घर के अंदर घुसे और लाखो रुपया के चांदी का कांसा और अन्य चीज लेकर फरार हो गये। चोरी गयी सामान की कीमत एक लाख से अधिक की बतायी जा रही है।

## 51 सौ जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण

ओरमांझी (आजाद सिपाही)। मारूति मंगल परिवार द्वारा ओरमांझी प्रखंड के अंचल मैदान में 51 सौ जरुरतमंदों के बीच कंबल वितरण किया गया। अंचल मैदान परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में प्रखंड के सभी 18 पंचायत के वृद्ध जरूरतमंद लोग पहुंचे थे। मौके पर मारुति मंगल परिवार के केंद्रीय अध्यक्ष विक्रम महतो ने कहा रांची जिला के विभिन्न प्रखंडो में प्रत्येक वर्ष मारूति मंगल परिवार कंबल वितरण करती है। इस वर्ष का कंबल वितरण ओरमांझी प्रखंड से प्रारंभ किया गया है।

## पुरुष-महिला मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल में अनगड़ा प्रखंड की महिला टीम बनी विजेता



अनगड़ा (आजाद सिपाही)। पर्यटन कला, संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग के तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय रांची जिला पुरुष-महिला मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल कप प्रतियोगिता बिरसा मुण्डा फुटबॉल स्टेडियम मोरहाबादी में शनिवार को संपन्न हुआ। महिला वर्ग के फाइनल मुकाबले में अनगड़ा प्रखंड की टीम ने संघर्षपूर्ण मैच में ओरमांझी प्रखंड को 1-0 से पराजित कर जिला विजेता बनी। अनगड़ा की ओर से एक मात्र गोल सीता कुमारी ने किया। पुरुष वर्ग के फाइनल मुकाबले में बुंडू प्रखण्ड ने रातू प्रखंड को 3-0 से हराकर जिला विजेता बनने का गौरव प्राप्त किया। इस अवसर पर विभाग के वरिष्ठ प्रशाखा पदाधिकारी मनोज पासवान, फुटबॉल प्रशिक्षक शाहिद अंसारी, गोपाल तिर्की, कर्मसिंह मुंडा, अनमोल टोप्पो, प्रेम पूर्ति, अख्तर हुसैन आदि गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## इटकी के पंचायत समिति के सदस्यों को विकास कार्य पर 16.91 लाख का आवंटन

इटकी (आजाद सिपाही)। इटकी प्रखंड के पंचायत समिति सदस्यों के लिए विभाग ने 15वें वित आयोग के तहत वितिय वर्ष 2023-24 में 16.91 लाख आवंटन किया है। जिसमें स्वच्छता और जल संबंधि कार्यों के लिए करीब 10 लाख जबकि नाली, पुलिया सहित अन्य छोटे छोटे विकास कार्यों के लिए 6.91 आवटन किया गया है। प्रखंड के नौ पंचायत समिति सदस्यों को उक्त विकास योजनाओं के निष्पादन के लिए करीब ढाई-ढाई लाख प्रखंड मुख्यालय द्वारा भुगतान की जायेगी। इसके लिए प्रखंड कार्यालय में योजना पंजी खोले जा रहे है।

## 15 बटालियन ने जीएफ गाड़ी होटवार को 4-3 गोल से किया पराजित



सिकिदिरी (आजाद सिपाही)। स्वर्णरिखा रेखा फुटबॉल क्लब सिकिदिरी के तत्वावधान में आयोजित सद्भावना चैंपियन फुटबॉल टूर्नामेंट के चौथा दिन शनिवार को जल विधुत परियोजना सिकिदिरी के फुटबॉल मैदान में 15 बटालियन बनाम जीएफ गाड़ी होटवार के बीच मैच खेला गया। दोनों ही टीमों के बीच रोमांचक मुकाबला हुआ। दोनों ही टीमों ने गोल करने के कई अवसर गवाये। अंत में टाईब्रेकर में पंद्रह बटालियन की टीम ने 4-3 गोल से जीत दर्ज किया। पूरे मैच में शानदार बचाव के लिए मुख्य अथिति मेसरा पंचायत समिति सदस्य सूरज प्रकाश और विशिष्ट अतिथि लक्ष्मण प्रसाद सैनी द्वारा संयुक्त रूप से प्लेयर ऑफ दी मैच का पुरस्कार गोल कीपर तमंग को दिया गया। कार्यक्रम का संचालन आयोजन समिति के प्रवक्ता शिवधर रजवार ने किया। मैच का सफल आयोजन में समिति के मुख्य संरक्षक सह कांके प्रमुख सोमनाथ मुंडा, संरक्षक फारूक खान, अध्यक्ष राजेश पहान, सचिव प्रकाश यादव, बलराम साहु आदि का अहम योगदान रहा। कल का मैच मेकॉन स्पॉट्स रांची बनाम सरायकेला खरसावा के बीच होगा।

## मुखिया ने बुलायी समन्वय समिति की बैठक

सिकिदिरी (आजाद सिपाही)। प्रस्तावित आदिवासी आदर्श पंचायत नवागढ़ के मुखिया भुवनेशवर बेदिया के अध्यक्षता में शनिवार के दिन पंचायत सचिवालय सभागार में पंचायत समन्वय समिति की बैठक की गयी। बैठक में आपसी सामंजस्य स्थापित कर पंचायत का विकास कैसे किया जाय पर विशेष चर्चा की गयी। बैठक में विशेष रूप से जिला परिषद अनगड़ा पूर्वी, राजेंद्र शाही मुंडा उपस्थित थे। इन्होंने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि आदर्श पंचायत सही मायने में तभी बन पायेगा जब हमलोग पंचायत के प्रत्येक सधारण से सधारण परिवार तक आदर्श पंचायत का सोच को पहुंचा पायेगें, उनका उत्थान कर पायेंगे। मौके पर गीता देवी, गायत्री देवी, नीलमब हेमरम, महाबीर बेदिया, राजेंद्र शाही, बिसेशवर महतो, एसटीआई हब के प्रतिनिधि, रोहित शाही, पहलू बेदिया, तुलसी महतो, सोमरा बेदिया, टीआरएफ के पार्वती कुमारी, शांती देवी, जतरू लोहरा, रिझू लोहरा, संतोष मुंडा आदि के अलावा अन्य लोग उपस्थित थे।

